आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अख़बार
दैनिक भास्कर
कुल पृष्ठ 16 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00
dainikbhaskar.com झुंझुनूं गुरुवार, 22 सितंबर, 2022 12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
झुंझुनूं • नवलगढ़ • मुकुंदगढ़ • डूंडलोद • खिरोड़
दैनिक भास्कर झुंझुनूं गुरुवार, 22 सितंबर, 2022 | 17

सीएसआईआर-सीरी का 70वां स्थापना दिवस मनाया

देश में शोध एवं विकास के लिए अवसरों और धनराशि की कोई कमी नहीं है : डॉ. चंद्रशेखर

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन सेवारत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद सीएसआईआर की पिलानी, राजस्थान स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) के 70वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईआईटी दिल्ली के इमेरिटस प्रोफेसर डॉ चंद्रशेखर मुख्य अतिथि थे। आईआईएससी-बैंगलूरू के प्रोफेसर समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने की। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों के अलावा पूर्व निदेशक डॉ. चंद्रशेखर, बिट्स पिलानी के रजिस्ट्रार कर्नल सौम्य चक्रवर्ती, स्थानीय शिक्षण व अन्य संस्थानों के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में उन्होंने जनशक्ति के उचित प्रबंधन के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि शोध एवं विकास के लिए देश में धनराशि की कोई कमी नहीं है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राजन्ना ने सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर चंद्रशेखर ने सहकर्मियों को डॉ. अमरजीत सिंह मेमोरियल स्थापना दिवस पुरस्कारों से सम्मानित किया। साथ ही संस्थान में 10, 20, 30 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सहकर्मियों को सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पंचारिया ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व डॉ. चंद्रशेखर एवं प्रोफेसर राजन्ना ने संस्थान की शोध गतिविधियों से संबंधित प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अंत में संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत कर्माकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिकों डॉ. विपांत एवं डॉ. अदिति ने किया। सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक ग्रुप "डेजर्ट चौपाटी" के कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

पिलानी. कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते निदेशक डॉ. पंचारिया।